बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या :– 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(नालंदा)–04/2021...758 **पटना, दिनांक** :–29-03-2022

आदेश

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश ज्ञापांक 10686 दिनांक 01.09.2020 द्वारा श्री राकेश कुमार (Emp. ID – AEN03629) संविदा विशेष सर्वेक्षण अमीन, को नियोजित करते हुए बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा में पदस्थापन किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा ने अपने पत्रांक 58–।/बंदो0 दिनांक 14.02.2022 के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि श्री राकेश कुमार को राजस्व ग्राम नरारी थाना नं0 – 311 का कार्य आवंटित किया गया है। श्री कुमार से कार्यों में अत्यन्त धीमी गति एवं अनाधिकृत अमीन से किस्तवार का कार्य कराने एवं अन्य कृत्यों के संबंध में शिविर प्रभारी थरथरी (नालंदा) के द्वारा इनसे क्रमशः पत्रांक–120 दिनांक 06.10.2021, पत्रांक– 134 दिनांक 24.11.2021, पत्रांक–147 दिनांक 20.12.2021 एवं पत्रांक–10 दिनांक 14.01.2022 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई है। श्री कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण भी समर्पित किया गया है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में इनपर लगाये गए आरोप के संदर्भ में कोई ठोस उत्तर नहीं दिया गया है।

इनके द्वारा अनाधिकृत व्यक्ति से भू–सर्वेक्षण का कार्य करवाने संबंधी सूचना प्राप्त होने पर शिविर प्रभारी एवं कानूनगो के द्वारा उक्त राजस्व ग्राम का आमजन से पूछ–ताछ की गयी है, जिसमें यह पाया गया है कि इनके द्वारा गुड्डु नामक किसी व्यक्ति से किस्तवार आदि का कार्य कराया गया है। बंदोबस्त पदाधिकारी ने यह भी प्रतिवेदित किया है कि इनका कृत्य धोखाधड़ी एवं भ्रष्टाचारपूर्ण है।

उपरोक्त आरोपों के लिए बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा इनके संविदा नियोजन समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा द्वारा की गयी अनुशंसा से स्पष्ट है कि इनके द्वारा विशेष सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपने से अतिरिक्त किसी अन्य ग्रामीण को संलिप्त कराया गया है। ऐसे कृत्यों का विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के अन्य संविदा कर्मियों पर विपरित प्रभाव न पड़े, इसे दृष्टिगत रखते हुए श्री राकेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (Emp. ID – AEN03629) का नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए संविदा अनुबंध को रद्द किया जाता है।

29/3/22

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(नालंदा)–04/2021 758 **पटना, दिनांक** :29-03-2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा को उनके पत्रांक 58–। दिनांक 14.02.2022 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(नालंदा)–04/2021 ...758 **पटना, दिनांक** :29-03-2022

प्रतिलिपि :– श्री राकेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (Emp. ID – AEN03629) ई–मेल – krakeshcivil94@gmail.com, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2022\Alakh Ji\Order\04-2021-23-03-2022.doc

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(नालंदा)–04/2021 758 **पटना, दिनांक** : 29-03-2022

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर एवं श्री कुणाल कुमार, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/3/22

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप